RNI NO. - CHHHIN/2011/38292

13 वर्ष निर्भीक पत्रकारिता के
अब 14 वें वर्ष की ओर
पाठकों/दर्शकों का असीम स्नेह

Bharatsamman.com | Bharat samman | Bharat Samman

हो जाओ सावधान



वर्ष-14 अंक-11 | अम्बिकापुर, गुरूवार, 18 अप्रैल 2024 | कुल पृष्ठ-4 मूल्य-1.00 रू.

# लोकसभा चुनाव 2024: 102 सीटों के लिए कल डाले जाएंगे वोट

## पहले चरण में 8 केंद्रीय मंत्री, 2 पूर्व सीएम और 1 पूर्व राज्यपाल मैदान में, प्रचार थमा




**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव 2024 के पहले चरण के लिए कुछ संवेदनशील इलाकों को छोडक़र 19 अप्रैल को सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक वोटिंग होगी। चुनाव आयोग ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। मतदान केंद्रों पर केंद्रीय बल की तैनाती की गई है। लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए चुनाव प्रचार बुधवार शाम थम गया। इस चरण में 19 अप्रेल को 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 102 सीटों के लिए वोट डाले जाएंगे। आठ केंद्रीय मंत्री, दो पूर्व मुख्यमंत्री और एक पूर्व राज्यपाल उन नेताओं में शामिल हैं, जिनकी चुनावी किस्मत का फैसला पहले चरण में होगा। इस चरण की सीटों में राजस्थान की 25 में से 12, मध्य प्रदेश की 29 में से छह, छत्तीसगढ़ की 11 में से एक, उत्तर प्रदेश की 80 में से आठ और महाराष्ट्र की 48 में से पांच सीटें शामिल हैं। तमिलनाडु की सभी 39 सीटों के लिए मतदान होगा।

### इन दिग्गजों का होगा फैसला

- नितिन गडकरी- नागपुर
- किरण रिजिजू- अरुणाचल पश्चिम
- सर्बानंद सोनोवाल- डिब्रूगढ़
- संजीव बालियान- मुजफ्फरनगर
- भूपेंद्र यादव- अलवर
- ए. राजा- नीलगिरी
- कार्ति चिदंबरम- शिवगंगा
- तमिलिसाई सुंदरराजन- चेन्नई दक्षिण
- नकुलनाथ- छिंदवाड़ा

### कड़े सुरक्षा प्रबंध

कुछ संवेदनशील इलाकों को छोडक़र 19 अप्रैल को सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक वोटिंग होगी। चुनाव आयोग ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। मतदान केंद्रों पर केंद्रीय बल की तैनाती की गई है।

### इन राज्यों में होगी पोलिंग

अरुणाचल प्रदेश, असम, बिहार, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नगालैंड, राजस्थान, सिक्किम, तमिलनाडु, त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल, अंडमान–निकोबार द्वीप समूह पुड्डुचेरी, जम्मू–कश्मीर और लक्षद्वीप।

### गडकरी हैट्रिक की तैयारी में

केंद्रीय सडक़–परिवहन मंत्री नितिन गडकरी नागपुर सीट से जीत की हैट्रिक की तैयारी में हैं। उन्होंने 2014 में सात बार के सांसद विलास मुत्तेमवार को 2.84 लाख मतों से हराया था। पिछले चुनाव में उन्होंने महाराष्ट्र कांग्रेस के मौजूदा प्रमुख नाना पटोले को 2.16 लाख मतों से हराकर सीट बरकरार रखी थी।



## बीजेपी की इस महिला उम्मीदवार के पास है 1400 करोड़ का खजाना

### लग्जरी कारें, दुबई-लंदन में अपार्टमेंट भी, खूबसूरती में भी बॉलीवुड हीरोइनों को देती हैं टक्कर

**नई दिल्ली।** दक्षिण गोवा निर्वाचन क्षेत्र से बीजेपी की उम्मीदवार पल्लवी डेम्पो के पास करोड़ों का खजाना है। पल्लवी डेम्पो के पास कई लग्जरी कारें हैं। वहीं दुबई–लंदन में अपार्टमेंट भी है। बीजेपी की इस महिला उम्मीदवार के पास है 1400 करोड़ का खजाना है। पल्लवी डेम्पो बिजनेस मैन श्रीनिवास डेम्पो की पत्नी हैं। 49 वर्षीय भाजपा उम्मीदवार के पास एमआईटी, पुणे विश्वविद्यालय से बिजनेस मैनेजमेंट में स्नातकोत्तर की डिग्री हासिल की है। पल्लवी ने मंगलवार को अपना नामांकन पत्र दक्षिण गोवा जिला कलेक्टरेट में जमा किया। रिटर्निंग ऑफिसर के समक्ष दाखिल किए गए 119 पन्नों के हलफनामे से पता चलता है कि उनके पति श्रीनिवास डेम्पो के साथ उनकी कुल संपत्ति लगभग 1,400 करोड़ है। उनके पास 255.4 करोड़ रुपये की चल संपत्ति है। वहीं श्रीनिवास के स्वामित्व वाली संपत्ति का मूल्य 994.8 करोड़ रुपये है. जहां पल्लवी की अचल संपत्ति का कुल बाजार मूल्य 28.2 करोड़ रुपये है। वहीं श्रीनिवास की अचल संपत्ति का कुल बाजार मूल्य 83.2 करोड़ रुपये है। श्रीनिवास डेम्पो की गोवा और देश के अन्य हिस्सों में संपत्तियों के अलावा, दंपति के पास दुबई में एक अपार्टमेंट भी है। इसका कीमत 2.5 करोड़ रुपये है। साथ ही लंदन में भी 10 करोड़ का एक अपार्टमेंट है।

### 5.7 करोड़ रुपये की कीमत का सोना

पल्लवी के पास 5.7 करोड़ रुपये की कीमत का सोना है। पल्लवी ने चुनाव आयोग को जानकारी दी है कि उनके पास 217.11 करोड़ के बॉन्ड, करीब 12.92 करोड़ की बचत, 2.54 करोड़ की गाड़ियां, करीब 5.69 करोड़ का सोना है। वहीं करीब 9.75 करोड़ रुपए की अन्य चीजें शामिल है।

## बीजेपी सांसद के साथ संबंध का दावा करने वाली महिला पर एफआईआर दर्ज

### रवि किशन की पत्नी ने लगाया पति को ब्लैकमेल करने का आरोप

**गोरखपुर।** यूपी की गोरखपुर लोकसभा सीट से सांसद और भोजपुरी अभिनेता रवि किशन के साथ संबंध का दावा करने वाली महिला पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज किया है. रवि किशन की पत्नी ने पुलिस से शिकायत पत्र में आरोप लगाया है कि मेरे पति को महिला ब्लैकमेल कर रही है।



रवि किशन की पत्नी प्रीति शुक्ला ने कहा कि एक साल पहले भी इस महिला के खिलाफ ब्लैकमेलिंग की शिकायत मुंबई पुलिस से की थी. उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान पति की छवि खराब करने की साजिश की जा रही है. पुलिस के मुताबिक सपा पदाधिकारी विवेक व एक यूट्यूब खुर्शीद खान मुख्य साजिश कर्ताधर्ता है।

पुलिस ने महिला महिला अपर्णा सोनी के पति, बेटी और बेटा के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है. पुलिस के मुताबिक महिला 35 साल से शादीशुदा है. सांसद की पत्नी की तहरीर पर मामला दर्ज किया है. मामले की जांच की जा रही है. बता दें कि मुंबई की रहने वाली एक महिला ने सांसद और फिल्म अभिनेता रवि किशन पर आरोप लगाते हुए उन्हें अपना पति बताया। महिला का कहना है कि हम दोनों की शादी हुई है और एक बच्ची भी है. पिछले एक साल से रवि मेरे संपर्क में नहीं हैं. मैं चाहती हूं कि वह मुझे और मेरी बेटी को अपना नाम दें. मैं आज भी उनके नाम का सिंदूर अपनी मांग में लगा रही हूं. जिसका वीडियो वायल हुआ. महिला का कहना है कि वर्ष 1996 के दौरान मुंबई में हम एक दूसरे के संपर्क में आए थे और हमारी शादी हुई थी।

## 29 नक्सलियों के मारे जाने को गृह मंत्री अमित शाह ने बताई सुरक्षा बलों की बड़ी सफलता

### कहा- बहुत कम समय में हम जड़ से उखाड़ फेकेंगे नक्सलवाद को

**नई दिल्ली।** अबूझमाड़ के हापाटोला में हुई मुठभेड़ में सुरक्षाबलों के 29 नक्सलियों को मार गिराए जाने को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बड़ी सफलता करार दिया है. इसके साथ ही उन्होंने भविष्य में भी इस तरह की कवायद जारी रहने की बात कहते हुए कहा कि बहुत ही कम समय में मोदी जी के नेतृत्व में हम देश से नक्सलवाद को जड़ से उखाड़ फेंकेंगे।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, 'कल छत्तीसगढ़ में सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता मिली. मोदी जी के प्रधानमंत्री बनने के बाद से ही भाजपा सरकार ने नक्सलवाद और आतंकवाद के खिलाफ लगातार अभियान चलाया है. छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनने के बाद उस अभियान को और गति मिली।'

अमित शाह ने कहा, 'हमने 2014 से कैंप लगाने शुरू किए. 2019 के बाद कम से कम 250 कैंप लगाए गए हैं. सरकार बनने के बाद



करीब 3 महीने की अवधि में छत्तीसगढ़ में 80 से ज्यादा नक्सली मारे गए हैं, 125 से ज्यादा गिरफ्तार हुए हैं, और 150 से ज्यादा नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है. मुझे पूरा विश्वास है कि यह भविष्य में भी जारी रहेगा और बहुत ही कम समय में मोदी जी के नेतृत्व में हम देश से नक्सलवाद को जड़ से उखाड़ फेंकेंगे।'




आमजन, गरीब-मज़लूमों पर होने वाले अत्याचार के विरुद्ध क्रांतिकारी पत्रकारिता का नाम है भारत सम्मान, जब शासन-सत्ता में बैठे ऐसे लोग जो पद-पावर के नशे में चूर होकर करते हैं अपने कर्तव्यपालन में चूक तो भारत सम्मान करता है उन्हें दुरुस्त...

2011 से भारत सम्मान आगे बढ़ रहा है और मिसाल क़ायम कर रहा है ईमानदार पत्रकारिता की..

भारत सम्मान दैनिक समाचार पत्र के साथ-साथ वेबसाईट - www.bharatsamman.com, फेसबुक पेज - Bharat Samman व यू-ट्यूब - Bharat Samman News के माध्यम से जनहित के खबरों को प्राथमिकता देते हैं। हमारा दावा है यदि आप पर ज़ुल्म हुआ है, आप न्याय के लिए कर रहे हैं संघर्ष तो केवल एक ही नाम आपको याद होना चाहिए...

भारत सम्मान

इसी क्रांतिकारी मुहिम से निम्न जगहों पर जुड़ने के लिए सम्पर्क करें

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, गोवा, उत्तर प्रदेश, उतराखण्ड, बिहार, बंगाल व देश के सभी राज्यों में ब्यूरो व संवाददाता बनने संपर्क कर सकते हैं।

इन पदों में होंगे नियुक्त...

1 - राज्य ब्यूरो प्रमुख
2 - राज्य अपराध ब्यूरो प्रमुख
3 - जिला ब्यूरो प्रमुख
4 - जिला अपराध ब्यूरो प्रमुख
5 - तहसील संवाददाता
6 - तहसील अपराध संवाददाता

अपना फोटो लगा बायोडाटा हमारी ई-मेल आईडी bharatsammannews@gmail.com या व्हाट्सएप No. 09303890212 पर भेजे।

नोट

1. केवल ईमानदार लोग ही संपर्क करें, पत्रकारिता के नाम पर वसूली करने अथवा ब्लैकमेल करने वालों से हमारा कोई वास्ता नहीं
2. यहां नौकरी नहीं दी जाती है, यदि हमारे संस्था के नाम का गलत इस्तेमाल करता है, तो हमारे द्वारा जारी नंबर पर शिकायत जरूर करें।

प्रसार/प्रबंध
सम्पादक
भारत सम्मान न्यूज नेटवर्क
094242 62547
09303890212

## संपादकीय

# इस गंभीर मसले से सही तरीके से निपटना जरुरी

हाल ही में नाबालिग बच्चियों और एक महिला को पुलिस ने मानव तस्करों के गैंग से मुक्त कराया। घटना उत्तरी पूर्वी दिल्ली के सीलमपुर की है। दक्षिणी परगना (पश्चिमी बंगाल) की 14 वर्षीय नाबालिग लड़की के लापता होने की प. बंगाल पुलिस तहकीकात कर रही थी, तब उन्हें सूचना मिली कि लड़की दिल्ली में है। उन्होंने दिल्ली पुलिस से सहायता मांगी। जांच में पता चला कि नाबालिग शाहदरा या उत्तर पूर्व दिल्ली में है। छानबीन में पता चला कि मंजली बीवी और उसका पति हसन इस तस्कर गिरोह के सरगना हैं। इससे पूर्व सीबीआई ने तीन ऐसे नवजात शिशुओं को तस्करों से दिल्ली में मुक्त कराया जो पैदा ही हुए थे और उन्हें बेचने वाले सामने आए। इनमें से दो बच्चे डेढ़ दिन, तीसरा 15 दिन का था और लड़की एक महीने की थी। इसमें सीबीआई ने उत्तर प्रदेश के गोरखपुर और पंजाब में छापे मारे। इन तहकीकात से पता चला कि अस्पतालों के कर्मचारी, बिचौलियों और तस्करों का जाल बिछा हुआ है। तस्करों के इन सरगनाओं की भी गिरफ्तारी हुई, जिसमें पुलिस को पता चला कि नीरज सोनीपत हरियाणा और इंदु पवार दिल्ली के पश्चिम विहार के रहने वाले हैं। उनका एक गिरफ्तार साथी असलम पटेल नगर का है। सीबीआई के सूत्रों के अनुसार मालवीय नगर की अंजली, जो खरीदार की जानकारी देती थी, को भी गिरफ्तार किया गया। तीन और महिलाओं पूजा कश्यप, ऋतु और कविता को भी गिरफ्तार किया गया। इन महिलाओं का काम होता था कि खरीदे हुए बच्चों का तब तक रख-रखाव करना, जब तक बच्चों के खरीदार न मिल जाएं। बच्चों के व्यापार में ऐसे भी लोग पाए गए, जिनकी संतान नहीं है, वे गोद लेने के लिए प्रयास करते हैं। सीबीआई के अनुसार छापेमारी में पता चला कि एक बच्चे की कीमत पांच लाख रुपये तक दी गई। सीबीआई ने उत्तर पश्चिम दिल्ली केशवपुरम से दो बच्चों को छुड़ाया। मानव तस्करों के पास सभी फर्जी कागजात को तैयार करने के तरीके थे। वे गोद लेने के पेपर भी फर्जी बनाते थे। सीबीआई ने उन माता-पिताओं को भी ढूंढा है, जिनके बच्चे चोरी हुए थे, फिर चोरी किए बच्चों को असली माता-पिताओं के हवाले कर दिया। सीबीआई देश के कृत्रिम गर्भाधान केंद्रों पर भी नजर रखे हुई थी, इस अभियान में जयपुर में भी रेड डाली गई थी, वहां पर आरती नाम की महिला पैदा हुए बच्चों के व्यापार में संलग्न थी, एक दिन का बच्चा भी उसके पास था। यह बच्चों के व्यापारी पहले नवजात शिशुओं को इकट्ठा करते थे, उसके बाद जरूरतबंद लोगों को खोजते थे। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की एक रिपोर्ट के अनुसार हर वर्ष 40 हजार बच्चों का अपहरण किया जाता है, जिनमें 11 हजार का कोई पता नहीं चल पाता। बाल तस्करी के पीछे कुछ मूल कारण हैं-गरीबी, शिक्षा की कमी और अपने परिवार को आर्थिक रूप से मदद करने की जरूरत। दूसरी ओर सरकार तस्करी के उन्मूलन के लिए न्यूनतम मानकों को पूरा नहीं करती, केवल प्रयासभर ही चल रहे हैं। देश के राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों पर केंद्र सरकार की नीतिगत निगरानी के साथ, तस्करी विरोधी प्रयासों की प्राथमिक जिम्मेदारी थी। इन प्रयासों में मानव तस्करी के अधिक मामलों की जांच करना, कई तस्करी मामलों पर विदेशी सरकारों के साथ सहयोग करना और बंधुआ मजदूरी के लिए अधिक तस्करों को दोषी ठहराना शामिल था। राष्ट्रीय महिला आयोग ने मानव तस्करी विरोधी इकाइयों की क्षमता बनाने के लिए एक नई तस्करी विरोधी इकाई शुरू की। सरकार ने तस्करी सहित अपराध के शिकार बच्चों के लिए सुरक्षा सेवाओं के राज्य और क्षेत्र विस्तार का समर्थन करने के लिए एक नये कार्यक्रम को मंजूरी दी जो सही ढंग से कार्य नहीं कर रहा है। एक रिपोर्ट के अनुसार दर्ज किए गए मामालों की संख्या के आधार पर सबसे अधिक मानव तस्करी की घटनाओं वाले शीर्ष तीन राज्य पश्चिम बंगाल, राजस्थान और गुजरात हैं। अपराध दर के आधार पर सबसे अधिक मानव तस्करी की घटनाओं वाले राज्यों में प. बंगाल सबसे आगे है। ध्यान देने की आवश्यकता है कि हमारी सरकारी एजेंसिया कितनी तेजी से अपराधों को पकड़ने में सहायक होती हैं। सामाजिक सुरक्षा एक प्रमुख मुद्दा है। किसी देश की पहचान इसी के आधार पर आंकी जाती है। केंद्र सरकार और राज्य सरकारों का दायिव है कि इस गंभीर मसले से सही तरीके से निपटें, क्योंकि बगैर इसके हम बहुत सारे नौनिहालों को बलि की बेदी पर बिठा रहे हैं।

# कांग्रेस का दामन छोड़ बीजेपी में शामिल हुई नेत्रियों ने की प्रेस वार्ता

## कहा- कांग्रेस की घोषणाएं महिलाओं के साथ भद्दा मजाक, हमें केवल वोट बैंक के तौर पर किया जाता है इस्तेमाल



**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के एकात्म परिसर स्थित कार्यालय में बुधवार को कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुईं नेत्रियों ने प्रेस वार्ता कर कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा. इस पत्रकार वार्ता में कांग्रेस का दमन छोड़ भाजपा में शामिल होने वाली बिलासपुर की पूर्व महापौर वाणी राव, नगरपालिका अध्यक्ष महासमुंद अनिता रावटे, जगदलपुर महापौर सफीरा साहू और महासमुंद की जिला पंचायत अध्यक्ष ऊषा पटेल और अरुणा शुक्ला ने कांग्रेस पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं।

पत्रकार वार्ता में नेत्रियों ने कहा कि कांग्रेस ने राज्य में महिला सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त कर महिलाओं के संरक्षण के लिए कानून का सख्ती से पालन कराने और महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामलों को गम्भीरता से लेकर अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई करने की बात कही थी और वादा किया था कि प्रत्येक थाने में एक महिला सेल स्थापित किया जाएगा जिसमें महिला अपराधों से सम्बन्धित स्वतंत्र जांच की जाएगी. लेकिन कांग्रेस के पूरे पांच साल के कार्यकाल में महिलाओं के साथ अनाचार, दुर्व्यवहार और हिंसा होती रही और कांग्रेस की सरकार आंखे मूंदे बैठी रही, कांग्रेस के नेता जुमलेबाजी और अवांछनीय बयानबाजी करते रहे. कांग्रेस की सरकार ने है हर ग्रामीण परिवार को प्रतिवर्ष 4 सिलेंडर मुफ्त देने की बात कही थी कुल 20 सिलेंडर दिए जाने थे लेकिन किसी को कुछ नही मिला।

बस्तर प्रवास पर आईं बिलासपुर की पूर्व महापौर वाणी राव ने कहा कि कांग्रेस ने 2018 के चुनाव में गंगा मैया की सौगंध खाकर महिलाओं से धोखा किया था. कांग्रेस में महिलाएं घुटन महसूस कर रही हैं. वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश में विष्णुदेव साय की सरकार में कई योजनाएं महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण के लिए संचालित की जा रही हैं. कि कांग्रेस ने सदैव महिलाओं के साथ छल करके केवल वोट बैंक के तौर पर इस्तेमाल करने का राजनीतिक चरित्र प्रदर्शित किया है. भाजपा नेत्रियों ने कहा कि कदम-कदम पर महिलाओं के साथ छल और विश्वासघात कांग्रेस का ट्रैक रिकॉर्ड रहा है. महिलाओं के लिए जितने भी वादे किए, एक भी वादा पूरा नहीं किया और जो 500 रु महिलाओ को नहीं दे पाए आज बड़ी बड़ी घोषणाएं कर रहे है कांग्रेस एक बार फिर महिलाओं के साथ भद्दा मजाक कर रही है।

महिला आयोग की पूर्व सदस्य अनिता रावटे ने महिला स्व सहायता समूहों के मुद्दे को उठाते हुए कहा कि कांग्रेस ने महिला स्व-सहायता समूहों का कर्ज माफ करने वादा किया था. साथ ही महिला स्व-सहायता समूहों को धोखाधड़ी से बचाने और आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए सख्त नियम बनाने भी कहा था. लेकिन कर्ज माफ करना तो दूर, रेडी टू ईट योजना का काम भी छीन कर महिला स्व सहायता समूह की बहनों को रातोंरात बेरोजगार बना दिया।

जगदलपुर महापौर सफीरा साहू ने कहा कि कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार और अपमान करते हैं. जबकि भाजपा में महिलाओं को न केवल योजनाओं में बल्कि संगठन में भी सम्मानित किया है. हालांकि, प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज से जब महिलाओं के अपमान के बारे में पूछा गया था तो उन्होंने कहा था कि ये गलत बातें हैं. पार्टी छोड़ने के बाद उनकी अपनी विचारधारा है. कांग्रेस में महिलाओं का सम्मान होता है।

# प्रमोशन में आरक्षण के पूर्ववर्ती सरकार के आदेश को हाईकोर्ट ने किया पूर्णतः निरस्त



**बिलासपुर।** प्रमोशन में आरक्षण मामले में छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाते हुए 2019 के राज्य सरकार के आदेश को पूर्णत: निरस्त कर दिया है. इससे पहले अदालत ने इस पर रोक लगाई थी. चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा की डिवीजन बेंच ने पूरे केस की सुनवाई करने के बाद अपना फैसला सुनाते हुए याचिका निराकृत कर दी है. 5 मार्च को सुनवाई पूरी होने के बाद हाई कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा था।

बता दें कि, राज्य सरकार ने 22 अक्टूबर 2019 को प्रदेश में प्रमोशन पर आरक्षण के लिए नोटिफिकेशन जारी किया था. इस नोटिफिकेशन तहत प्रथम से चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को पदोन्नति में आरक्षण का लाभ देने की बात कही गई थी. इसमें अनुसूचित जाति को 13 फीसदी, जबकि अनुसूचित जन जाति के लिए 32 फीसदी आरक्षण की व्यवस्था की गई है। नोटिफिकेशन में स्पष्ट किया गया था कि यह आरक्षण प्रथम श्रेणी के पदों से प्रथम श्रेणी के उच्च वेतनमान के पदों पर पदोन्नति होने, द्वितीय श्रेणी के पदों से प्रथम श्रेणी के पदों पर पदोन्नति और तृतीय श्रेणी के पदों पर पदोन्नत होने पर दिया जाएगा. लेकिन राज्य सरकार के इस अधिसूचना के खिलाफ रायपुर के एस. संतोष कुमार ने अधिवक्ता योगेश्वर शर्मा के माध्यम से हाईकोर्ट में चुनौती दी, साथ ही अन्य याचिकाएं लगाई गई थीं. जिसमें कहा गया कि पदोन्नति में आरक्षण सुप्रीम कोर्ट के दिशा- निर्देशों और आरक्षण नियमों के खिलाफ है, इसलिए राज्य शासन द्वारा जारी किए गए नोटिफिकेशन को निरस्त करने की मांग की गई। 2 दिसंबर 2019 को राज्य शासन की तरफ से स्वीकार किया गया कि अधिसूचना तैयार करने में गलती हुई है. कोर्ट ने इस गलती को सुधारने के लिए एक हफ्ते का समय दिया, पर कोई कार्रवाई नहीं की हुई. इसके बाद हाईकोर्ट ने अधिसूचना पर रोक लगाते हुए और सरकार को नियमों के अनुसार दो महीने के भीतर फिर से नियम बनाने को कहा। मामले की सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं ने कहा कि राज्य सरकार ने क्वांटीफायेबल डेटा जुटाए बगैर अधिसूचना जारी कर दी थी, संविधान की धारा 14 एवं 16(4ए) एवं (4बी) के साथ ही सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के खिलाफ है. पदोन्नति में आरक्षण निर्धारित करने में सुप्रीम कोर्ट द्वारा जरनैल सिंह के मामले में निर्धारित नियमों का पालन करना होगा. साथ ही 2 दिसंबर 2019 को राज्य सरकार ने माना था कि अधिसूचना जारी करने में गलती हुई है, इसे ठीक किया जाएगा, लेकिन ऐसा नहीं किया गया।

## नरेंद्र मोदी का धमतरी आगमन 23 को

**धमतरी।** आज़ भारतीय जनता पार्टी के धमतरी जिले मे धमतरी विधानसभा के ग्राम श्यामतराई में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आगमन की तैयारी मे सभा स्थल का निरीक्षण करने पहुँचे श्री अजय चंद्राकर जी विधायक कुरुद श्री भूपेंद्र सवन्नी जी प्रदेश उपाध्यक्ष छ.ग. श्री रामु रोहरा जी प्रदेश महामंत्री छ.ग. श्री प्रकाश बैस जी जिलाध्यक्ष धमतरी श्रीमति रंजना डिपेंद्र साहू जी पूर्व विधायक धमतरी श्री राजीव पांडे जी धमतरी विधानसभा प्रभारी श्री हलधर साहू जी धमतरी विधानसभा सह प्रभारी श्री यज्ञदत्त शर्मा जी कांकेर लोकसभा संयोजक श्री यशवंत जैन जी प्रभारी कांकेर जिला श्री प्रकाश गोलछा जी चुनाव संचालक धमतरी विधानसभा श्री चेतन हिंदुजा जी कोषाध्यक्ष जिला धमतरी श्री अविनाश दुबे जी महामंत्री जिला धमतरी श्री विजय साहू जी मंडल अध्यक्ष धमतरी शहर श्री नरेंद्र रोहरा जी नेता प्रतिपक्ष धमतरी नगर निगम श्री विजय मोटवानी जी पार्षद आमापारा धमतरी श्री नवीन सांकला जी श्री अमित अग्रवाल जी श्री कोमल सार्वा जी एवं अन्य ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ताओ की उपस्थिति रही।

# ड्राय डे पर शराब परोसने-बेचने वालों पर हुई ताबड़तोड़ कार्यवाही,सेजबहार से 190 लीटर शराब जब्त



**रायपुर।** रामनवमी पर राज्य सरकार द्वारा घोषित ड्राय डे के दिन शराब पीने-पिलाने वालों पर आबकारी विभाग ने तबाड़तोड़ कार्रवाई की है। राजधानी रायपुर में कई जगहों पर आबकारी विभाग ने छापेमारी की। इस दौरान रायपुर शहर के कोटा, खम्हारडीह,खरोरा, सेजबहार में 190 लीटर शराब जब्त की गयी थी। जब्त शराब की कीमत एक लाख दो हजार रुपए बतायी जा रही है। आबकारी विभाग ने इस मामले में 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

शुष्क दिवस के दौरान प्रदेश के जिलों में स्थित समस्त देशी मदिरा एवं विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों, रेस्टॉरेन्ट-बार, होटल-बार, क्लब आदि जैसे-एफएल.-1 (घघ), एफएल.-1 (घघ-कम्पोजिट), सी.एस.-2 (घघ), सी.एस.-2 (घघ-कम्पोजिट), सी.एस.2 (ग-अहाता), सी.एस.2 (ग-कम्पोजिट अहाता), एफएल. 1 (ख-अहाता), एफ एल. 1 (ख-कम्पोजिट अहाता), एफ एल 2, 3, 3 (क, ख, ग.), 4. 4 (क), 5, 5 (क), 6, 7, 8, 9, 9 (क) एवं सी.एस.1, सी.एस.1-ख. सी.एस.1-ग. एफएल. 10, 10 (क, ख.), भांग / भांगघोटा की फुटकर दुकानों को बंद रखे जाने के निर्देश दिए गए हैं। उपरोक्तानुसार घोषित शुष्क दिवस में मदिरा की कोई भी दुकान, होटल, रेस्टॉरेन्ट, क्लब आदि एवं मदिरा बेचने, परोसने वाले अन्य प्रतिष्ठान/व्यक्ति, चाहे वह जो भी हो, को मदिरा बेचने व परोसने की अनुमति नहीं दी जाएगी।गैरमालिकाना क्लबों, रेस्टारेन्टों, स्टार होटलों आदि और किसी के भी द्वारा चलाए जाने वाले होटलों को भी उपरोक्तानुसार घोषित शुष्क दिवस में मदि मदिरा की कोई भी दुकान, होटल, रेस्टॉरेन्ट, क्लब आदि एवं मदिरा बेचने, परोसने वाले अन्य प्रतिष्ठान/व्यक्ति, चाहे वह जो भी हो, को मदिरा बेचने व परोसने की अनुमति नहीं दी जाएगी।गैरमालिकाना क्लबों, रेस्टारेन्टों, स्टार होटलों आदि और किसी के भी द्वारा चलाए जाने वाले होटलों को भी उपरोक्तानुसार घोषित शुष्क दिवस में मदिरा बेचने व परोसने की अनुमति नहीं दी जाएगी।उक्त अवधि के दौरान मदिरा के व्यक्तिगत भण्डारण पर एवं गैर लायसेंस प्राप्त परिसरों में मदिरा के भण्डारण पर सख्ती से रोक रहेगी और उन्हें जप्त करने की कार्यवाही की जाएगी। शासन द्वारा निर्देशित किया गया है कि समस्त जिला कार्यालयों तथा संभागीय एवं राज्य स्तरीय उड़नदस्ता के द्वारा अवैध मदिरा के परिवहन एवं विक्रय के रोकथाम के लिए प्रभावी कदम उठाये जाये, इस हेतु जांच दल गठित कर अवैध मदिरा संग्रहण के संभावित ठिकानों एवं वाहनों की जांच किया जावे एवं दोषियों के विरूद्ध अपराध कायम किया जावे। उपरोक्त निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

RNI No. CHHHIN/2011/38292
# भारत सम्मान NEWS
अम्बिकापुर, गुरूवार, 18 अप्रैल 2024


# पूर्व मुख्यमंत्री के नक्सलियों के फर्जी एनकाउंटर वाले बयान को डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने बताया दुर्भाग्यजनक

## कहा- भूपेश बघेल को जवानों से माफी मांगनी चाहिए



**रायपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के फर्जी एनकाउंटर वाले बयान पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने निशाना साधा है. उन्होंने कहा कि माओवादी संगठन ने अपने पत्र में भी 50 नक्सलियों से मारे जाने की बात कबूली है. ऐसे में भूपेश बघेल का बयान दुर्भाग्यजनक है. उनको अपने बयान पर जवानों से माफी मांगना चाहिए. अगर यह माफी नहीं मांगते हैं, तो जनता इसका जवाब देगी।

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कांकेर मुठभेड़ पर जवानों को दी बधाई देते हुए कहा कि जवानों के समर्थन पर, जवानों के कंधों के ताकत पर, कल जो कुछ हुआ है, वह बड़ी सफलता है। आज तक की सबसे बड़ी सफलता सुरक्षा बलों को मिली है. इसके लिए जवानों को मैं बधाई देता हूं. नक्सलियों के मांद में घुसकर नक्सलियों में सर्जिकल स्ट्राइक जैसा किया है। वहीं नक्सलियों के साथ बाहरी ताकतों के शामिल होने पर विजय शर्मा ने कहा कि मतलब यह है कि इंसास मिलता है,एके47 मिलता है, तो यह क्या है, कहां से आ रहा है. देश के खिलाफ बहुत बड़ा षड्यंत्र है. इसमें हमारे ही कुछ लोग मिलकर के इस तरह के काम करेंगे तो नहीं चलता है. किसी को भी अधिकार नहीं है कि देश में जनता मरते रहे और देश के विकास को कोई बाधा करके बैठ रहे और उसका समर्थन करते रहे। वहीं नारायणपुर में फिर एक बीजेपी कार्यकर्ता की नक्सलियों द्वारा हत्या किए जाने पर विजय शर्मा ने कहा कि पंचमदास बीजेपी के कार्यकर्ता थे, वो उपसरपंच भी थे. कायराना ढंग से उन्हें मारा गया है. किसी को भी आप मार दें, यह क्या घटना है. सरकार हर समय चर्चा के लिए तैयार है. किसी भी माध्यम से बात करना चाहे हम तैयार है. शांति बहाल होनी चाहिए, खून खराबा बंद होना चाहिए. बस्तर के गांव तक विकास पहुँचे।

## पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 'फर्जी मुठभेड़' पर दी सफाई

### कहा- पूर्व में घटित घटना पर मैने कही थी बात



**रायपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सुरक्षाबलों के द्वारा 29 नक्सलियों के मारे जाने की घटना को 'फर्जी' बताए जाने वाले बयान से पल्ला झाड़ लिया है. इसके साथ उन्होंने इसे सुरक्षा बल की बड़ी कामयाबी करार देते हुए इसके लिए जवानों को बधाई दी है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि पूर्व घटित नक्सल घटना को लेकर दिए गए मेरे बयान को अभी की घटना से जोड़ कर बताया गया है. भाजपा वाले ऐसा कर रहे हैं, यह बेहद दुर्भाग्यजनक है। उन्होंने कहा कि मैंने फर्जी मुठभेड़ की बात पूर्व घटित घटना के विषय में कहा था, जिसमें ग्रामीणों की ओर से आरोप लगाए थे. अभी 29 नक्सलियों को सुरक्षा बल के जवानों से मार गिराया है, यह बड़ी कामयाबी है. मैं इस सफलता के लिए बधाई देता हूं।

# नक्सल मुठभेड़ के बहाने उप मुख्यमंत्री साव ने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार पर साधा निशाना

## कहा- अवरूद्ध कर रखा था बस्तर का विकास



**रायपुर।** उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कांकेर नक्सल मुठभेड़ के हवाले से पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार पर हमला किया है. उन्होंने कहा कि बघेल सरकार ने बस्तर में विकास कार्य को अवरूद्ध कर रखा था. इनकी सरकार में नक्सली फले फूले हैं. गांव से शहरों तक नक्सलियों का विस्तार हुआ है. जबकि हमने नक्सलियों को सीमित क्षेत्र में खदेड़ दिया था। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने रायपुर निवास में पत्रकारों से चर्चा में कहा कि कांकेर में सुरक्षाबल के जवानों को बड़ी कामयाबी मिली है. सुरक्षा बलों ने बहादुरी से मुठभेड़ को अंजाम दिया है. इसके लिए जवानों को बधाई और शुभकामनाएं देता हूं. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने बस्तर को नक्सल मुक्त बनाने का संकल्प लिया है। साव ने कहा कि बस्तर के सुदूर अंचल तक विकास कार्य पहुंचे, इसके लिए नक्सल उन्मूलन आवश्यक है. गृहमंत्री अमित शाह मिशन मोड में काम कर रहे हैं. वे हमें लगातार मार्गदर्शन दे रहे हैं और हौसला बढ़ा रहे हैं. यहां डबल इंजन की सरकार है. बस्तर आने वाले समय में विकास से जुड़ेगा. साव ने कहा कि विकास और शांति के लिए, कानून का राज व नक्सली उन्मूलन आवश्यक है।

# सुरक्षाबल के हाथों मारे गए 29 नक्सलियों में दो बड़े नक्सली शंकर राव और ललिता भी शामिल

## बस्तर आईजी ने कहा- मारे गए सभी नक्सली, कोई ग्रामीण नहीं





**कांकेर।** सुरक्षाबलों ने मंगलवार रात मुठभेड़ में जिन 29 नक्सलियों को मार गिराया है, उनमें दो बड़े नक्सल भी शामिल हैं, इनमें से एक की पहचान शंकर राव के रूप में और दूसरे की पहचान ललिता के रूप में की गई है. इसके साथ ही बस्तर आईजी सुंदर राज पी ने स्पष्ट किया कि मुठभेड़ में मारे गए सभी नक्सली हैं, कोई ग्रामीण इसमें शामिल नहीं है। नक्सली मुठभेड़ पर कांकेर पुलिस की प्रेस वार्ता में बस्तर आईजी सुंदर राज पी ने बताया कि कल कांकेर जिले के छोटे बेठिया इलाके में पुलिस नक्सली मुठभेड़ में 29 माओवादी मारे गए हैं, और उनसे लगभग 30 हथियार बरामद हुए हैं. इनमें एक एके-47 एक एसएलआर दो इंसास और 303 जैसे हथियार हैं. इसके अलावा भारी मात्रा में नक्सलियों का साहित्य एवं सामग्री बरामद की गई है।

उन्होंने बताया कि हाल के दिनों में पुलिस एवं सुरक्षा बलों के द्वारा लगभग 71 माओवादियों को मौत के घाट उतारा जा चुका है, और यह अभियान लगातार जारी है, क्योंकि ग्रीष्म के मौसम के दौरान नक्सलियों का जमावड़ा भी मैदानी इलाकों में होता है. इस समय पुलिस उनके ऊपर आक्रामक रूप रहती है, जिससे लगातार सफलता मिलते जा रही है। पत्रकारों के ग्रामीणों की भी मुठभेड़ में मौत के सवाल पर आईजी सुंदर राज पी ने कहा कि इसमें कोई किंतु-परंतु की बात नहीं है. सभी नक्सली हैं. ग्रामीण वहां हैं ही नहीं, और जो लोग इस तरह के आरोप लगा रहे हैं, उनका काम ही है।

आईजी ने बताया कि नक्सलियों से बरामद हथियारों की पहचान कराई जा रही है कि वह छत्तीसगढ़ में सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में लूटे गए हैं, या अन्य राज्यों से लूटे गए हैं. उन्होंने बताया कि तीन सुरक्षा बल के जवानों को घायल हुए थे, जिन्हें रायपुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां तीनों की हालत खतरे से बाहर बताई गई है।

बस्तर आईजी सुंदर राज पी ने कहा है कि हमारी नक्सलियों के साथ लड़ाई निर्णायक मोड़ पर है, और हम इसमें बढ़त बनाए हुए हैं, और आगे भी सुरक्षा बल नक्सलियों के साथ लड़ाई में अपनी बढ़त बनाए रखेंगे हम सही दिशा में जा रहे हैं. प्रेस वार्ता के दौरान कांकेर डीआईजी केएल ध्रुव, बीएसएफ के डीआईजी वीएम बाला, कांकेर एसपी आईके एलिसेला मौजूद रहे।



# आंबेडकर की तस्वीर को डस्टबीन में फेंकने पर भड़के बौद्ध समाज ने दुर्ग रेलवे स्टेशन के सीटीआई के खिलाफ की शिकायत, केस दर्ज

**दुर्ग।** दुर्ग रेलवे स्टेशन में सीटीआइ (स्टेशन) कार्यालय में बाबासाहेब डा. आंबेडकर की तस्वीर को कथित रूप से डस्टबीन में फेंकने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। मंगलवार की दोपहर स्टेशन में प्रदर्शन के बाद बौद्ध समाज के लोग जिम्मेदार सीटीआइ (चीफ टिकट इंस्पेक्टर) पर प्राथमिकी दर्ज करने की मांग को लेकर रात में मोहन नगर थाने में अड़ गए। इसके बाद बुधवार को सुबह 11 बजे से दुर्ग रेलवे स्टेशन परिसर में स्थित जीआरपी के सामने वे प्रदर्शन करने लगे। बाद में जीआरपी ने सीटीआइ वी प्रमिला नायडू के खिलाफ धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के आरोप में तीन अलग-अलग धाराओं में अपराध दर्ज कर लिया है। उल्लेखनीय है कि दुर्ग रेलवे स्टेशन में सीटीआइ (स्टेशन) कार्यालय में बीते 14 अप्रैल को संविधान निर्माता डा. आंबेडकर की जयंती मनाई गई थी। इस दौरान उनकी फोटो दीवार पर लगाई गई थी। आरोप है कि दूसरे दिन सीटीआइ वी प्रमिला नायडू ने यह फोटो निकलवा दी।

### संगठन का आरोप आंबेडकर का फोटो डस्टबीन में फेंका

समता सुरक्षा सेवा एवं समता सैनिक दल का आरोप है कि फोटो को डस्टबीन में फेंक दिया गया था। वहीं सीटीआइ का कहना है कि उन्होंने फोटो हटवा कर टेबल पर रखवा दिया था। इसी मामले को लेकर मंगलवार को समता सुरक्षा सेवा दुर्ग के प्रदेश अध्यक्ष अनिल जगयम और समता सैनिक दल दुर्ग के अध्यक्ष संतोष नंद के नेतृत्व में डा. आंबेडकर के अनुयासी वहां पहुंच गए थे। इसके बाद आरोपित सीटीआइ पर अपराध दर्ज करने जीआरपी दुर्ग में आवेदन दिया था। जीआरपी ने जांच के बाद कार्रवाई की बात कही थी। इसके बाद रात में करीब 11 बजे लोग मोहन नगर थाना पहुंच गए थे। इसके बाद आज सुबह 11 बजे से उक्त दोनों ही संगठन के लोग रेलवे स्टेशन में जीआरपी में पहुंच गए। वहां उन्होंने प्रदर्शन शुरू कर दिया, उनकी मांग थी कि तत्काल प्राथमिकी दर्ज की जाए। काफी देर समझाइश के बाद भी बात नहीं बनने पर जीआरपी द्वारा वी प्रमिला नायडू के खिलाफ धारा 295, 295 ( क ), 297 ( ए ) के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

# पेपर डिस्पोजल कप बनाने वाले राठी जी की बेटी ने बिना कोचिंग के पास की यूपीएससी

**रायपुर।** यूपीएससी 2023 के नतीजे आज अखबारों और मीडिया की सुर्खियां बनी हुई है. लेकिन इन सुर्खियों में पेपर डिस्पोजल कप बनाने वाले राठी जी की बेटी का जिक्र नहीं है. लेकिन आज हम आपको राठी जी की बेटी प्राची राठी के संघर्ष की कहानी बता रहे है. इससे पहले आपको ये बता दें कि प्राची ने यूपीएससी 2023 में ऑल इंडिया में 443 वां रैंक हासिल किया है और उनकी जानकारी के मुताबिक छत्तीसगढ़ में उनका तीसरा रैंक है. उनके पिता प्रवीण राठी पिछले तीन वर्षों से पेपर डिस्पोजल कप और ग्लास मैन्यूफैक्चरिंग का काम करते है. इससे पहले वे चाय पत्ती बेचने का काम करते थे।

प्राची ने बताया कि उन्होंने तीसरे अटेम्प्ट में यूपीएससी 2023 की ये परीक्षा क्रैक की और अपने पहले अटेम्प्ट में वे प्रिलिम्स तक, इसके बाद सैकेंड अटेम्प्ट में इंटरव्यू तक पहुंची थी. लेकिन 17 नंबर से चूक गई। वे कहती है कि मैंने जो भी कमी थी, उसे दूर करते हुए तैयारी पर फोकस किया और आज उन्होंने यूपीएससी क्रैक करने में सफलता हासिल की. हालांकि वे अभी भी पूरी तरह संतुष्ट नहीं है और अगला अटेम्प्ट भी देने की तैयारी कर रही है।




### अक्सर देखती थी ओपी चौधरी के मोटिवेशनल वीडियो

जब उनसे ये पूछ गया कि उन्होंने यूपीएससी में आने का फैसला क्यों किया ? इसके जवाब में उन्होंने कहा कि कॉलेज में उनके कुछ सीनियर इसकी तैयारी कर रहे थे, जिसके बाद उन्हें भी ये लगा कि उन्हें भी सिविल सर्विसेज की तैयारी करनी चाहिए. वे कहती है कि तत्कालीन रायपुर कलेक्टर ओपी चौधरी के वे मोटिवेशनल वीडियो अक्सर देखा करती है. जिसके बाद वे उनसे प्रभावित हुई और उन्हें उस पद की जिम्मेदारी और गरिमा का अहसास हुआ, कि वे सिविल सर्विसेज में जाकर कैसे लोगों की मदद कर सकती है. इतना ही नहीं यूपीएससी में इंटरव्यू देने से पहले प्रदेश के करीब 30-35 बच्चों को ओपी चौधरी ने अपने अनुभव साझा करते हुए इंटरव्यू फेस करने को लेकर टिप्स दिए थे, जो उनके लिए मददगार साबित हुए।

### 2017 के बाद नहीं देखी मूवी, न होटल में खाना खाया

प्राची के पिता प्रवीण राठी कहते है कि प्राची ने 2017 के बाद से अब तक घर में रहकर केवल पढ़ाई ही की है. वे न तो अपने दोस्तों के साथ मूवी जाती है और न होटल में खाना खाने जाती है. अंतिम बार होटल में कब खाना खाया था ये पूछे जाने पर प्राची ने बताया कि इंटरव्यू देने जब दिल्ली गई थी 2017 के बाद तभी होटल में खाना खाया था।

### पॉडकास्ट सुनना है हॉबी, इंटरव्यू में बोलकर सुनाया भी

प्राची को पॉडकास्ट सुनना पसंद है. अपनी इस हॉबी को उन्होंने यूपीएससी से जोड़कर अपना नॉलेज गेन करने का काम किया। वे इशू बेस्ड इंफार्मेटिव पॉडकास्ट सुनना पसंद करती है. जिसमें देश-विदेश के विभिन्न मुद्दों के बारे में उन्हें जानकारी मिलती है। यूपीएससी के फार्म में भी उन्होंने अपनी हॉबी के कॉलम में पॉडकास्ट सुनने का जिक्र किया था. यही कारण है कि इंटरव्यू के दौरान उन्हें ये पूछा गया कि यदि उनको मौका मिलेगा तो पॉडकास्ट के माध्यम से वे कैसे काम करेंगी ? इसके जवाब में उन्होंने बताया कि वे जनभागीदारी के माध्यम से लोगों को ये बताने की कोशिश करेंगी कि एक नागरिक कैसे पॉलिसी मेकिंग और पॉलिसी इम्पलीमेंटेशन के लिए अपना योगदान दे सकता है।


### रेलवे में दे सकती है अपनी सेवाएं

प्राची का ऐसा अनुमान है कि उन्हें रेलवे में अपनी सेवाएं देने का मौका मिल सकता है. हालांकि ये अभी स्पष्ट नहीं है कि उन्हें कौन से डिपार्टमेंट में पोस्टिंग मिलेगी. लेकिन वे कहती है कि जहां उन्हें पोस्टिंग मिलेगी वे पूरी इमानदारी से अपना काम कर परिवार के साथ-साथ प्रदेश का नाम रौशन करने की पूरी कोशिश करेंगी।

# कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल हुए नेत्रियों के आरोपों पर राधिका खेड़ा का पलटवार

### कहा - रामनवमी के दिन तो झूठ नहीं बोलना था

**रायपुर।** कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल हुई नेत्रियों के प्रेस वार्ता में पार्टी पर गंभीर आरोप लगाए हैं. इस पर कांग्रेस राष्ट्रीय प्रवक्ता राधिका खेड़ा ने कहा कि रामनवमी जैसे पवित्र दिन को तो छोड़ ही देना था, आज भी झूठ नहीं बोलना चाहिए. भाजपा की चाइनीज़ गारंटी पर कांग्रेस छोड़कर गई हैं. पार्टी ने पहचान दी, पहचान देने वाली मां होती है, और मां को धोखा देता है, उसे भगवान भी माफ़ नहीं करते हैं।



कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता राधिका खेड़ा ने कहा कि जो महिलायें अपमान और दुर्व्यवहार की बात कर रही है, उन्हें ज़िला पंचायत अध्यक्ष, नगरनिगम अध्यक्ष , महापौर जैसे पद किसने दिए. अपमान करते हुए किसी को ऐसे पद पर पहुँचने के लिये ना मदद की जाती है, ना टिकट दी जाती है. जिस पार्टी में ये महिलाएं शामिल हुई, उनकी सरकार में छत्तीसगढ़ क्राइम के मामले में टॉप फाइव में था. हमारी सरकार क्राइम के मामलों में राज्य को बीसवें से भी नीचे लाई।

खेड़ा ने कहा कि इन महिलाओं को ये नहीं बोलना चाहिए क्योंकि जिस पार्टी में ये गई, उस पार्टी ने भानुप्रतापुर के उप चुनाव में पॉक्सो एक्यूस्ड को टिकट दिया. कांकेर के प्रत्याशी के ऊपर आदिवासी महिला उत्पीड़न का मामला है, वो महिला भी कहां है ये किसी को नहीं पता. जो पार्टी खुद शोषण करने, अभद्रता करने और ऐसे लोगों को टिकट देने में लिप्त है, ये महिलाएं ऐसे पार्टी में जाकर सेफ महसूस कर रही हैं।

महिलाओं द्वारा कांग्रेस पार्टी पर झूठे वादों के आरोप पर राधिका खेड़ा ने कहा कि कांग्रेस के अधूरे वादों पर बात करने वाली महिलाएँ ये भूल गई कि 500 रुपए के सिलिंडर का जानता को आज भी इंतज़ार हैं. महतारी वंदन का वादा मोदीजी करके गए, ऑन रिकॉर्ड सिर्फ़ 30 प्रतिशत महिलाओं को मिला, 70 प्रतिशत महिलाए 1000 रुपए के इंतज़ार में हैं।

# पैसो का लालच देकर आम लोगों से खाता खुलवाकर सटोरियों को बेचने वाले गिरोह का पर्दाफाश

**दुर्ग।** जिले की भिलाई पुलिस ने आमलोगों को पैसों का लालच देकर उनके दस्तावेजों से फर्जी बैंक खाता खुलवाने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। मामलें में पुलिस ने एक बैंक कर्मी सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी उक्त खातों को 40 से 50 हजार रूपये में दूसरों को बेच देते थे तथा इन खातों को उपयोग आनें लाईन सट्टा कारोबार में किया जा रहा था। मिली जानकारी के अनुसार कोसानगर भिलाई निवासी प्रियांशु निले सुपेला थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि गुरूशरण एवं कुणाल सोनी नामक व्यक्ति द्वारा उसे गुमराह कर उसके नाम पर बैंक खाता खोलकर एवं उनके नाम का फर्जी सीम लेकर बड़ी मात्रा में रकम का लेन देन किया गया है। प्रियांशु की रिपोर्ट पर थाना सुपेला में धोखाधडी का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले में वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर थाना सुपेला पुलिस द्वारा मुखबीर सूचना के आधार पर आरोपी संतोष कुमार कोसरे एवं कुणाल उर्फ कुनाल सोनी को घेराबंदी कर पकड़ा गया। आरोपियों से पुछताछ करने पर बताया की प्रार्थी एवं अन्य आमजनों को दो से चार हजार रूपये देकर गुमराह कर दस्तावेज लेकर फर्जी बैंक एकाउंट एवं उनके नाम का फर्जी सीम कार्ड लेकर उक्त खातो व सीम को अन्य व्यक्ति को 40-50 हजार रूपये में उपलब्ध कराते थें। जिसके बाद पुलिस की टीम ने समस्त बैंक खाता के ट्रांजेक्शन की जांच की तो पता चला कि सभी खाते आन लाईन सट्टे में उपयोग किये जा रहे थे तथा इन खातो से लगभग 8-9 करोड़ रूपये का ट्रांजेक्शन करना पाया गया। जिसके बाद पुलिस ने आरोपियों को बुधवार को गिरफ्तार कर रिमाण्ड में भेजा दिया है। बताया जाता है कि एक आरोपी संतोष कुमार कोसरे केनरा बैंक वैशाली नगर में टेम्परारी कर्मी था। जो भोले भाले लोगो को गुमराह कर खाता खोलने का काम करता था। मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 420, 34 भादवि के तहत कार्यवाही की गई है।

# रायपुर रेलवे स्टेशन में यात्री के बैग से मिला 10 लाख कैश



**रायपुर।** आरपीएफ की टीम को गाड़ी संख्या 12069 जनशताब्दी एक्सप्रेस से उतरे यात्रियों की जांच के दौरान कोच संख्या सी-03 से उतर कर बाहर जाते हुए एक व्यक्ति को सीढ़ी के पास रोका गया नाम पता पूछने पर जितेंद्र बोरकर पिता अशोक बोरकर उम्र 40 वर्ष निवासी चंदन आवास 4/50 राजकिशोर नगर बिलासपुर थाना सरकंडा जिला बिलासपुर (छत्तीसगढ़) ने उसके पास रखे नीले रंग बैग के बारे में पूछने पर बैग में कैश होना बताया और कैश 10,000,00 रुपए (दस लाख) होना बताया उक्त कैश ले जाने के संबंध में कागजात की मांग करने पर मौके पर कोई वैध कागजात प्रस्तुत नहीं कर सका।

उक्त जानकारी अविलंब वरिष्ठ अधिकारियों को देते हुए उक्त व्यक्ति को रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट रायपुर लाया गया जहां उडन दस्ता विधानसभा रायपुर उत्तर क्षेत्र के उडनदस्ता के कार्यपालक मजिस्ट्रेट दीप्ति तिवारी को जानकारी दी गई। उक्त सूचना पाकर उडनदस्ता टीम रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट रायपुर में पहुंचकर उक्त कैश ?10,000,00 ( दस लाख रुपये) को उपस्थित गवाहों के समक्ष गिनती कर मौके पर उडनदस्ता कार्यपालक मजिस्ट्रेट दीप्ति तिवारी मेम द्वारा जप्ती की कार्यवाही कर अपने कब्जे में लिया गया. ये कार्रवाई पोस्ट प्रभारी रायपुर के नेतृत्व में उप.निरीक्षक केबी गुप्ता सहायक उप निरीक्षक डी.के वर्मा प्रधान आरक्षक पी.के मेश्राम प्रधान आरक्षक जे. एल. कौशल द्वारा की गई।

# ड्राय डे पर शराब परोसने-बेचने वालों पर हुई ताबड़तोड़ कार्यवाही, सेजबहार से 190 लीटर शराब जब्त

**रायपुर।** रामनवमी पर राज्य सरकार द्वारा घोषित ड्राय डे के दिन शराब पीने-पिलाने वालों पर आबकारी विभाग ने तबाड़तोड़ कार्रवाई की है। राजधानी रायपुर में कई जगहों पर आबकारी विभाग ने छापेमारी की। इस दौरान रायपुर शहर के कोटा, खम्हारडीह,खरोरा, सेजबहार में 190 लीटर शराब जब्त की गयी थी। जब्त शराब की कीमत एक लाख दो हजार रुपए बतायी जा रही है। आबकारी विभाग ने इस मामले में 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

शुष्क दिवस के दौरान प्रदेश के जिलों में स्थित समस्त देशी मदिरा एवं विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों, रेस्टोरेन्ट-बार, होटल-बार, क्लब आदि जैसे- एफएल.-1 (घघ), एफएल.-1 (घघ-कम्पोजिट), सी.एस.-2 (घघ), सी.एस.-2 (घघ-कम्पोजिट), सी.एस.2 (ग-अहाता), सी.एस.2 (ग-कम्पोजिट अहाता), एफएल. 1 (ख-अहाता), एफ एल. 1 (ख-कम्पोजिट अहाता), एफ एल 2, 3, 3 (क, ख, ग.), 4. 4 (क), 5, 5 (क), 6, 7, 8, 9, 9 (क) एवं सी.एस.1, सी.एस.1-ख. सी.एस.1-ग. एफएल. 10, 10 (क, ख.), भांग / भांगघोटा की फुटकर दुकानों को बंद रखे जाने के निर्देश दिए गए हैं। उपरोक्तानुसार घोषित शुष्क दिवस में मदिरा की कोई भी दुकान, होटल, रेस्टॉरेन्ट, क्लब आदि एवं मदिरा बेचने, परोसने वाले अन्य प्रतिष्ठान/व्यक्ति, चाहे वह जो भी हो, को मदिरा बेचने व परोसने की अनुमति नहीं दी जाएगी.गैरमालिकाना क्लबों, रेस्टारेन्टों, स्टार होटलों आदि और किसी के भी द्वारा चलाए जाने वाले होटलों को भी उपरोक्तानुसार घोषित शुष्क दिवस में मदि मदिरा की कोई भी दुकान, होटल, रेस्टॉरेन्ट, क्लब आदि एवं मदिरा बेचने, परोसने वाले अन्य प्रतिष्ठान/व्यक्ति, चाहे वह जो भी हो, को मदिरा बेचने व परोसने की अनुमति नहीं दी जाएगी.गैरमालिकाना क्लबों, रेस्टॉरेन्टों, स्टार होटलों आदि और किसी के भी द्वारा चलाए जाने वाले होटलों को भी उपरोक्तानुसार घोषित शुष्क दिवस में मदिरा बेचने व परोसने की अनुमति नहीं दी जाएगी.उक्त अवधि के दौरान मदिरा के व्यक्तिगत भण्डारण पर एवं गैर लायसेंस प्राप्त परिसरों में मदिरा के भण्डारण पर सख्ती से रोक रहेगी और उन्हें जप्त करने की कार्यवाही की जाएगी। शासन द्वारा निर्देशित किया गया है कि समस्त जिला कार्यालयों तथा संभागीय एवं राज्य स्तरीय उड़नदस्ता के द्वारा अवैध मदिरा के परिवहन एवं विक्रय के रोकथाम के लिए प्रभावी कदम उठाये जाये, इस हेतु जांच दल गठित कर अवैध मदिरा संग्रहण के संभावित ठिकानों एवं वाहनों की जांच किया जावे एवं दोषियों के विरूद्ध अपराध कायम किया जावे। उपरोक्त निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

अपना खुद का न्यूज पोर्टल बनवाएं
पूर्ण Registration के साथ
+91 9303890212


स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक जितेन्द्र जायसवाल द्वारा जायसवाल प्रिंटिंग प्रेस राघवपुरी, डीगमा, अम्बिकापुर, छत्तीसगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। संपादक जितेन्द्र जायसवाल। मो.नं.-09424262547